हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 14 जून 2025

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 30.0 डिग्री


8 गुरु हरगोबिंद जी के जीवन का निर्णायक क्षण...


8 ठेकेदार को काम में तेजी लाने के आदेश

## खबर संक्षेप

### अवैध असलहा के साथ एक काबू, पूछताछ जारी

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने जम्मू-कटडा नेशनल हाइवे पुल के नीचे एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से पिस्तौल बरामद किया है। अलेवा थाना पुलिस पकड़े गए युवक से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि जम्मू-कटरा नेशनल हाइवे पर पुल के नीचे एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है।

### मारपीट में एक महिला सहित दो व्यक्ति घायल

**कैथल।** गांव सैर में हुई मारपीट में एक महिला सहित दो व्यक्ति घायल हो गए। इस संबंध में कर्मवीर ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 जून को गांव के ही रामपाल डाकिया ने अपनी पत्नी परमजीत कौर और बेटे रोहित के साथ मिलकर मारपीट करते हुए उसे तथा पिंकी को घायल कर दिया।

### कमरे से 3360 बोतल बीयर बरामद, एक काबू

**जींद।** सदर थाना सफीदो पुलिस ने गांव अंटा के निकट एक कमरे पर छापेमारी कर 3360 बीयर बोतल बरामद कर एक को काबू किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सदर थाना सफीदों को सूचना मिली थी कि गांव अंटा के निकट गांव मुबारकपुर यूपी निवासी धनंजय सिंह अवैध रूप से कमरे मे बीयर को बेच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर धनजय को काबू कर लिया।

### मारपीट में मां-बेटी घायल, मामला दर्ज

**कैथल।** शहर के सुभाष नगर में हुई मारपीट में मां बेटी सहित तीन व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। सुभाष नगर कैथल की रजनी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 11 जून को जोगिंदर ने कुल्हाडी से हमला करते हुए उसे, उसकी बेटी दृष्टि तथा उसकी सास शीला को घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गया।

### झगड़े में चार घायल सात के खिलाफ केस

**जींद।** गांव राजपुरा भैण में रंजिशन हमला कर चार लोगों को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव राजपुरा भैण निवासी प्रवीण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की उनकी परिवार के बलकार परिवार से कहासुनी हो गई। बलकार परिवार उनके घर में घुस आया और हमला कर दिया।

### गांव दुबल में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** कलायत के गांव दुबल में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। इस संबंध में दुबल के नरेंद्र ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 28 मई को गांव के ही सोनू और जंगी ने मिलकर उसे पर लाठी डंडे और कसी से हमला करते उसे घायल कर दिया। सब इंस्पेक्टर शक्ति सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ड्यूटी के लिए निकली नर्स संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** नरवाना घर से डयूटी के निकली नर्स के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नरवाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी गांव दनौदा सीएचसी में नर्स के पद डयूटीरत थी। जो हर रोज की भांति गत दिवस अपनी ड्यूटी के लिए निकली थी।

### लाठी मारकर घायल करने का आरोप

**कैथल।** गांव सिंह में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव सिंह के राजकुमार ने चीका पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 12 जून को गांव के ही रवि पाली, जसवंत और लबी ने मिलकर लाठी और गंदासियों से हमला कर घायल कर दिया।

## गर्मी के कारण बिजली लाइन हो रही ट्रिप, गर्मी व उमस के आगे कूलर और एसी भी हो रहे बौने साबित

# भीषण गर्मी-उमस ने छीना दिन का चैन और रात की नींद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

दिनभर भीषण गर्मी तथा उमस से बेहाल लोगों का शुक्रवार शाम का मौसम में आए बदलाव ने कुछ राहत दी है। शाम को आकाश मे बादलाई भी दिखाई दी। हवा गति तेज होने के साथ गर्म भी कम रही। पिछले चार दिनों से भीष्ण गर्मी ने लोगों के दिन का चैन तथा रात की नींद छीना हुआ था। जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो रहा था। दोपहर को हालात कफ्र्यू जैसे बने हुए थे। बाजार तथा सड़कें सुनसान हो रही है। भीष्ण गर्मी से दिनचर्या के साथ कामकाज भी प्रभावित हो रही थी।

शुक्रवार का अधिकतम तापमान 42 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 30 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 41 प्रतिशत तथा हवा की गति आठ किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में मौसम करवट लेगा। जिसके चलते गर्मी से कुछ राहत के आसार है। बाजार तथा सड़कें सुनसान, लोग बेहालः पिछले चार दिनों से भीष्ण गर्मी का प्रकोप बना हुआ है। गर्मी के साथ मौसम में बनी उमस ने लोगों को बेहाल किया हुआ है। शुक्रवार का दिन का आगाज तेज धूप के साथ हुआ। दिन चढऩे के साथ मौसम गर्म होने के साथ उमस भी बन गई। दोपहर को सड़कें तथा बाजार सुनसान हो गया। दिन ढलने के बाद भी गर्मी तथा उमस बनी रही। दिनभर लोग गर्मी तथा उमस से बेहाल रहे। जिसका जनजीवन पर साफ असर देखने को मिला। शाम को मौसम ने करवट ली और आकाश में बादलवाई भी दिखाई दी। हवा की गति भी कुछ तेज हो गई, जो की कम गर्म रही।

### फसलों पर ही नहीं दुधारू पशुओं पर भी असर


**जींद।** खेत में लगी धान की पनीरी को संभालते किसान। फोटो :हरिभूमि

### पशुओ का भी विशेष ख्याल रखे

*मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि तापमान भी ज्यादा जा रहा है। पूर्व की तरफ से चली हवा से उमस भी बन रही है। मौसम में बदलाव की संभावना है। धूल भरी हवा के चलने के साथ बादलवाई भी देखने को मिलेगी। जिससे तापमान में भी कुछ कमी आएगी। गर्मी को देखते हुए किसान शाम को फसलो की सिचाई करे। पशुओ का भी विशेष ख्याल रखे।*

### बिजली लाइन हो रही ट्रिप

*भीषण गर्मी के साथ बिजली की भी डिमाड भी जबरदस्त बढी है। गर्मी इतनी पड़ रही है कि बिजली की लाइन भी ट्रिप होने लगी है। जिसके चलते कट भी लग रहे हैं। भीष्ण गर्मी तथा उमस के सामने एसी तथा कूलर भी बौने साबित हो रहे हैं। दिन का तापमान 42 डिग्री पार जा रहा है तो रात का तापमान भी 30 डिग्री के आसपास जा रहा है।*

### स्वच्छ पेय पदार्थ लें

भीष्ण गर्मी से फसल झुलसने लगी है। पनीरी को भी नुकसान हो रहा है। गर्मी का असर दुधारू पशुओं पर भी देखने को मिल रहा है। उनका दुध कम हो गया है। पशुपालकों का कहना है कि 15 लीटर दूध देने वाली भैंस आठ से दस लीटर पर आ गई है। जबकि दुधारू पशुओं को पंखे के अलावा कुलरों के नीचे रखा जा रहा है। नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि तापमान ज्यादा जा रहा है। दोपहर को लोग बाहर निकलने से बचे। अगर जरूरी है तो अपने सिर पर कपडा रखे। ज्यादा से ज्यादा स्वच्छ पेय पदार्थो का प्रयोग करे।

## बिजली का बढ़ा संकट, 87 ट्रांसफार्मर ओवरलोड

### दस दिनों में 62 से 87 लाख प्रति यूनिट पहुंची बिजली खपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

भीषण गर्मी ने बिजली निगम की परेशानियों को भी बढ़ा दिया है। निगम की तीनों डिविजनों के 87 ट्रांसफार्मर ओवरलोड चल रहे हैं। इसके कारण वोल्टेज कम होने या फ्यूज, जंपर, केबल जलने की घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में बिजली उपभोक्ताओं को दिन और रात कट झेलने पड़ रहे हैं। इसको लेकर रोजाना निगम सर्कल के पास बिजली संबंधित 300 से ऊपर शिकायतें आ रही हैं। हालात यह है कि कई कॉलोनियों में कई-कई घंटे बिजली गुल रहती है। बिजली की खपत बढऩे के चलते ट्रांसफार्मरों पर लोड बढ़ गया है। इनमें जींद डिविजन के सबसे ज्यादा हैं। हालांकि शहर में कई जगह ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की जगह दूसरा ट्रांसफार्मर लगवा कर लोड बांटा जा रहा है। वहीं कई ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ा दी गई लेकिन बिजली उपभोक्ताओं को कम ही राहत मिल पा रही है। रात के समय लग रहे कटों से आमजन बेहाल हो गया है। सबसे ज्यादा शिकायतें फ्यूज उडऩे की आ रही हैं। रात को बार-बार कट लगने के कारण लोग सो नहीं पा रहे हैं। लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है। खासकर बच्चेए बुजुर्गों और बीमार लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है।

#### ग्रामीण क्षेत्र में 16 की बजाय दस घंटे मिल रही बिजली

शहर में दिन और रात को कट लग रहे हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में दिन और रात को लंबे-लंबे कट लग रहे हैं। ग्रामीण उपभोक्ताओं को 16 की बजाय दस घंटे ही बिजली मुहैया हो रही है। पिछले 24 घंटे में जहां दिन में मात्र दो-तीन घंटे ही बिजली मिली वहीं रात के समय चार लंबे कट लगे। शाम को बिजली आने के बाद शाम आठ बजकर 34 मिनट पर घोषित कटा लगाए जो कि 45 मिनट का था। उसके बाद दस बजकर 23 मिनट पर 30 मिनट का कट लगा। फिर शुक्रवार सुबह 12:33 पर 30 मिनट का फिर कट लगा। इसके बाद सुबह तीन बजकर 45 मिनट पर फिर 45 मिनट का घोषित कट लगाया गया।

#### 87 लाख यूनिट तक पहुंची बिजली खपत

जिले में बिजली खपत लगातार बढ़ रही है। एक जून को बिजली खपत का आंकड़ा जहां 62 लाख प्रति यूनिट था, वहीं अब 87 लाख प्रति यूनिट पर पहुंच गया है। दो जून को बिजली खपत 58.95 था वहीं तीन जून को 58.55 लाख, चार जून को 56.29 लाख, पांच जून को 61.36 लाखए छह जून को 68.63 लाख, सात जून को 72.22 लाख, आठ जून को 78.16 लाख, नौ जून को 82.12, दस जून को 85.05 लाख, 11 जून को 85.04 और 12 जून को बिजली खपत का आंकड़ा 87.15 लाख यूनिट पर पहुंच गया है।

#### बिजली की खपत बढ़ी

बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता एमएल सुखीजा ने बताया कि गर्मी के कारण कई ट्रांसफार्मर ओवरलोड चल रहे हैं। ओवरलोड ट्रांसफार्मरों को बदला जा रहा है। बिजली की खपत भी बढ़ गई है। इसके कारण अघोषित कट लग रहे हैं।

#### एसी से भी राहत नहीं

जिले का तापमान 42 डिग्री पार पहुंच चुका है। इसके कारण गर्मी भी अपना प्रचंड रूप दिखाने लगी है। इतनी भीषण गर्मी में एसी ने भी काम करना बंद कर दिया। लोगों को एसी भी गर्मी से राहत नहीं दिला पा रही है। पंखे, कुलरों के आगे बैठने के बाद भी पसीने नहीं सूख रहे हैं।

## शिमला की पंचायत का बिजली निगम को ऐलान, दो दिन में हालात सुधारो वरना नेशनल हाईवे करेंगे जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

गांव शिमला के लोगों ने बिजली कट से परेशान होकर शुक्रवार को पंचायत बुलाई। इसमें बिजली के लगने वाले कट की समस्या का निवारण के लिए रणनीति तय की गई। पंचायत की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन ब्लाक प्रधान जिले सिंह मोर ने की। उनके साथ मुख्य रूप से कृष्ण मोर, छोटा मोर, राजेंद्र सिंह, बलवान मोर और यूथ कल्ब अध्यक्ष आशीष मोर मौजूद रहे। जिले सिंह ने कहा कि बिजली आपूर्ति को लेकर भारी संकट है। समय पर बिजली के न आने के कारण पेयजल समस्या भी गंभीर होती जा रही है। दिन-रात लोग बिजली संकट से बेहाल रहते हैं। यही हालात रामगढ़ पांडवा गांव के बने हैं। गांव शिमला के ग्रामीणों ने बिजली निगम को हालात सुधारने के लिए दो दिन का समय दिया है। इसके उपरांत ग्रामीण नेशनल हाई-वे पर पड़ाव डालने के लिए रवाना होंगे।



#### बिजली चोरी के कारण लग रहे अघोषित कटः अंकित

बिजली निगम उपमंडल अभियंता अंकित रंगा ने बताया कि बिजली की मांग अपेक्षाकृत अधिक बढ़ रही है। जिन गांवों में बिजली चोरी नहीं होती उन गांवों में 18 घंटे तक बिजली दी जा रही है। जबकि कलायत नगर में बिजली आपूर्ति 24 घंटे है। यदि पावर हाउस ओवरलोड हो जाए तो कुछ समय के लिए पावर सप्लाई बंद करनी होती है। इसके अलावा यदि कहीं कोई फाल्ट आ जाता है तो भी उस क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद करके उसे दूर किया जाता है।

## कैथलः अस्पताल में मरीजों को कूलर तक नसीब नहीं

- औरों को नसीहत, खुद की फजीहत कैथल में भीषण गर्मी का कहर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिले में भीषण गर्मी का कहर जारी है। शुक्रवार को कैथल का अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बढ़ते तापमान को देखते मौसम विभाग ने लू और अत्यधिक गर्मी की चेतावनी दी है।

गर्मी के कारण लोगों को बीमार होने पर इलाज के लिए अस्पताल जा रहा है, लेकिन जिला नागरिक अस्पताल में बाहर से भी ज्यादा गर्मी का प्रकोप मरीजों को झेलना पड़ रहा है, क्योंकि जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर गर्मियों के मद्देनजर पूरी तैयारियां नहीं की गई है। जिससे मरीजों को परेशानी हो रही है। नागरिक अस्पताल में मरीजों को गर्मी से बचाव के लिए एसी तो छोड़ो कूलर भी नसीब नहीं हो रहे- ऐसे में जिला नागरिक अस्पताल के कूलर शो पीस बने हुए है, जो इतनी गर्मी होने बावजूद सही तरह से काम नहीं कर रहे। जिससे इन दिनों मरीजों को बढ़ते तापमान के कारण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

खराब पड़ा कूलर


#### समस्या का जल्द होगा समाधान

जिला नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश कंसल ने बताया कि अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए सभी वार्डों में कूलर की व्यवस्था की गई है। यदि इसके बावजूद कोई समस्या है तो उसका भी जल्द ही समाधान किया जाएगा।

#### ये बोली महिला

अस्पताल में अपना इलाज करवाने आई एक महिला रीना ने बताया कि कई दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है। इस तरह की गर्मी में मरीजों के लिए अस्पतालों में एसी की सुविधा होनी चाहिए लेकिन यहाँ तो कूलर तक नहीं चल रहे। वह दो दिन अस्पताल में दाखिल रही। इस दौरान उन्हें गर्मी से बचाव के लिए कोई कूलर नसीब नहीं हुआ

### मजदूर की हत्या का आरोप, मामला दर्ज

**जींद।** गांव जयपुर रेलवे लाइन के साथ मिले ईंट भट्ठा मजदूर की तेजधार हथियार, ईंट तथा डंडे मार कर हत्या की गई थी। मृतक मजदूर तीन दिन से गायब था। रेलवे पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए खानपुर पीजीआई रेफर किया गया है। रेलवे पुलिस मामले की हर एगल ासे जाच कर रही है। मूलतः गांव बडौदा जिला मुज्जफरनगर यूपी निवासी साजिद (24) पिछले डेढ़ माह से जयपुर ईंट भट्ठे पर कार्य करता था। अपनी पत्नी गुलफसा व चार साल के बेटे के साथ ईंट भट्ठे पर बने कमरे में रह रहा था। जो दस जून की देर शाम का गायब हो गया। जिसका शव वीरवार शाम के भट्ठे से कुछ दूरी पर रेलवे लाइन पार झाड़ियों में रक्तरंजित पाया गया।

## जेई की आईडी पर पैंडिंग मिले 150 आवेदन

- सीएम फ्लाइंग ने नगर पालिका चीका में छापेमारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

पिछले कई दिनों से विवादों में आई नगर पालिका चीका में शुक्रवार को दोपहर को सीएम फ्लाइंग द्वारा छापेमारी की गई । जैसे ही सीएम फ्लाइंग के अधिकारियों ने दबिश दी तो अधिकारियों में कर्मचारियों में हड़कंप मच गया तथा सभी अपनी सीटों की तरफ जाते दिखाई दिए।

बता दें कि प्रॉपर्टी आईडी में लेट लतीफ की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। अधिकारियों द्वारा प्रॉपर्टी आईडी की जांच पड़ताल की गई। बता दे की बीते दिनों नगर पालिका चीका में प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित 150 आवेदन पेंडिंग दिखाई जा रहे थे। सीएम फ्लाइंग के अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि नगर पालिका के रिकॉर्ड की जांच की जा रही है तथा इसकी रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर पालिका चीका के जेई की आइडी पर प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित 150 आवेदन पेंडिंग दिखाए जा रहे थे। नगर पालिका के सचिव जितेंद्र कुमार ने बताया कि जब से उनके द्वारा कार्यभार संभाला गया है तब से सभी समस्याओं को ठीक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर व अन्य संबंधित रिकार्ड की भी जांच की गई जो सभी सही पाया गया।

#### कड़ी कार्रवाई की जाएगी

जितेंद्र कुमार ने बताया कि फर्जी प्रॉपर्टी आईडी से संबंध में कोई भी समस्या पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बता दे कि पिछले तीन दिनों से नगर पालिका चीका के अधिकारियों द्वारा आपस में मारपीट को लेकर मामला गरमया हुआ है। इस संबंध में नगर पालिका चीका के वाइस चेयरपर्सन व उनके पति के खिलाफ मामला भी दर्ज करवाया गया था। इसे लेकर शहर वासियों द्वारा चीका के थाना में धरना भी दिया गया था।

## विदेश भेजने का झांसा देकर 32. 73 लाख हड़पे

- आठ माह तक दुबई कमरे में बंधक बना कर रखने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर 32 लाख 73 हजार रुपये हडपने का मामला सामने आया है। यहां तक कि आठ माह तक युवक को दुबई में बंधक बना कर भी रखा गया। जुलाना थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एक व्यक्ति को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गांव बुढाखेड़ा लाठर निवासी अंकुश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नवंबर 2022 में उसकी मुलाकात चंडीगढ़ में गांव सबलहेडा यूपी निवासी बबनदीप उर्फ शोहता से हुई। बबनदीप ने बताया कि वह विदेश के वीजा लगवाता है। अस्ट्रेलिया के लिए आरोपित ने 21 लाख रुपये की डिमांड की। 23 मार्च 2023 मे बबनदीप को 15 लाख रुपये तथा दस दिन बाद उसे छह लाख रुपये और जुलाना बुला कर दे दिए गए। जिस पर आरोपित ने दस दिन के अंदर अस्ट्रेलिया भेजने की बात कही। चार दिन बाद उसने वीजा देते हुए अस्ट्रेलिया जाने को कहा था।

### बाइक सवार दो युवकों ने महिला से तबीजी छीनी

**जींद।** गांव श्रीरागखेड़ा पावर हाउस के निकट शुक्रवार दोपहर को बाइक सवार चेहरा ढांपे दो युवकों ने महिला के गले से सोने की तबीजी छीन ली और फरार हो गए। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस ने संदिग्ध बाइक सवारों का पीछा भी किया लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव श्रीराग खेडा निवासी रामरति (65) कार्यवश जींद आई हुई थी। दोपहर को वह गांव कंडेला से पैदल अपने घर गांव श्रीरागखेड़ा जा रही थी। गांव के पावर हाउस के निकट चेहरा ढांपे बाइक सवार दो युवक रामरति के पास आए और झपट्टा मार कर सोने की तबीजी झपट ली। वारदात को अंजाम देकर बाइक सवार दोनों युवक गांव कंडेला की तरफ फरार हो गए। रामरति ने घटना की सूचना ग्रामीणों तथा पुलिस को दी।

### बीएस मॉडल 4 की जगह बीएस मॉडल छह की बस आएंगी

# किलोमीटर स्कीम की पांच बसें होंगी रिप्लेस

- बसों को चंडीगढ़, गुरुग्राम, दिल्ली जैसे लंबे रूटों पर चलाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

किलोमीटर स्कीम की पांच बस रिप्लेस होंगी। बीएस मॉडल 4 की जगह बीएस मॉडल छह की बस आएंगी। जिसे चंडीगढ़, गुरुग्राम, दिल्ली जैसे लंबे रूटों पर चलाया जाएगा।

इससे पहले फरवरी माह में 15 किलोमीटर स्कीम वाली बस रिप्लेस हुई थी। ऐसे में यह बस रिप्लेस होने पर यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी। गौरतलब है कि रोडवेज जींद डिपो में इस समय रोडवेज बसों की संख्या लगभग 168 हैं। जिसमें किलोमीटर स्कीम की 37 बस शामिल हैं। किलोमीटर स्कीम की बस पर चालक निजी बस ऑपरेटर और परिचालक रोडवेज कर्मचारी होता है। किलोमीटर स्कीम की बस दिन में औसतन 300 किलोमीटर चलती है। बस के रखरखाव की जिम्मेदारी परिवहन समिति के ऑपरेटर की होती है और रोडवेज द्वारा प्रति किलोमीटर के हिसाब से भुगतान किया जाता है। बस में बैठे यात्रियों से टिकट के रूप में जो राजस्व प्राप्त होता है, वह रोडवेज परिचालक के पास रहता है। जो डिपो में जमा करवाया जाता है। बीएस मॉडल 4 की किलोमीटर स्कीम वाली बसों में अक्सर बसों की मरम्मत की कमी के चलते बीच रास्ते में ही ब्रेक डाउन हो जाने की शिकायतें आती रहती हैं। बीच रास्ते बस खराब की होने की शिकायतें यात्रियों द्वारा दी जाती रही हैं। अभी हाल ही में नौ जून को पानीपत से जींद होकर सिरसा जा रही किलोमीटर स्कीम वाली बस का रामराये गांव के पास ब्रेक फेल होने से बस सडक़ किनारे डंपर में जा घुसी थी। जिसमें दस यात्रियों को माामूली चोट आई थी। रोडवेज यूनियन भी किलोमीटर स्कीम वाली बसों की समय पर मरम्मत नहीं होने को लेकर एतराज जता चुकी हैं। अभी धीरे-धीरे किलोमीटर स्कीम की बीएस मॉडल 4 की जगह बीएस मॉडल.छह वाली बसों को रिप्लेस किया जा रहा है।

#### एनसीआर एरिया में आसानी से चल पाएंगी

*जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि किलोमीटर स्कीम की बीएस मॉडल 4 की जगह बीएस मॉडल 6 वाली बस रिप्लेस होंगी। इससे यह बस लंबे रूट खास कर एनसीआर एरिया में आसानी से चल पाएंगी। रोडवज का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा दी जा सके।*

## 4.90 किलोग्राम गांजा फूल पत्ती सहित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी मुहिम तहत थाना सीवन पुलिस द्वारा एक नशा तस्कर को 4 किलो 90 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सीवन पुलिस एसएचओ इंस्पेक्टर ओमप्रकाश अगुवाई में एएसआई शीशपाल की टीम दोपहर के समय बस अड्डा सीवन पर आने जाने वाले व्हीकलों की चेकिंग कर रही थी। सहयोगी सुत्रो से गुप्त जानकारी मिली कि सीवन निवासी अमनदीप सिंह गांजा फूल पत्ती बेचना का काम करता हैं। जिसके घर पर दबिश देकर उसे गांजा फूल पत्ती सहित काबू किया जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देते सीवन निवासी अमनदीप सिंह के मकान पर दबिश देकर संदिग्ध अमनदीप सिंह उपरोक्त को काबू कर लिया गया। डीएसपी गुहला कुलदीप सिंह के समक्ष ली गई तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे में प्लास्टिक कट्टे से 4 किलो 90 ग्राम गांजा फुल पत्ती बरामद हुई।

## खबर संक्षेप

### जागरण में भगवान विश्वकर्मा का गुणगान

**नरवाना।** नरवाना के गांव खरल शिल्प कला भगवान विश्वकर्मा का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। जिला जींद पैक्स बैंक के चेयरमैन व विश्वकर्मा समाज कल्याण समिति के सचिव विजय धीमान ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा का जागरण रामकेश गोस्वामी एंड पार्टी द्वारा भगवान विश्वकर्मा का गुणगान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्याम लाल ने दीप प्रज्वलित कर के किया गया।

### लाइब्रेरी का ताला तोड़कर सामान चोरी

**जींद।** न्यू काठमंडी में बीती रात चोरों ने लाइब्रेरी का ताला तोड़ टूंटियां, दो एलईडी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामराये निवासी दलबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने न्यू काठमंडी में लाइब्रेरी खोली हुई है। रात को चोरों ने लाइब्रेरी का ताला तोड़ कर छह टूंटी, दो एलईडी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। घटना का उस समय पता चला जब वह लाइब्रेरी में पहुंचा था।

### ईआरओ नेट पर करें डाटा अपलोड : एडीसी

**जींद।** एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि आगामी दिनों में समरी रिविजन होगा। जिसमें एक बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता नहीं होने चाहिए। अगर किसी बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता हैं तो उन्हें दूसरे बूथ शिफ्ट करने की योजना बनाई जाए। संबंधित विभाग नए बीएलओ की नियुक्ति करके उनका डाटा ईआरओ नेट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। इसके साथ-साथ सभी बीएलओ को ईसीआई के सोशल मीडिया अकाऊंट पर भी जोड़ा जाए।

### मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की

जींद। हरियाणा बिजली पेंशनर्स वैलफेयर एसो. की बैठक प्रधान जिले सिंह शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन यूनिट सचिव रणधीर सिंह ग्रोवर ने किया। बैठक में अहमदाबाद के अंदर एयर इंडिया के विमान का क्रैश होने पर सभी ने इस दुर्घटना पर गहरा अफसोस जाहिर किया और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की और 266 आदमियों की मृत्यु होने पर उन सभी परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### हवाई जहाज क्रैश मामले की हो जांच

**जींद।** इनेलो कार्यकर्ताओं की बैठक पार्टी कार्यालय में प्रधान विजेंद्र रेढू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में गुरूवार को गुजरात के अहमदाबाद में एयरप्लैन क्रैश में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परमात्मा से प्रार्थना की गई कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देकर शांति प्रदान करें एवं पीड़ित परिवार को इस क्षति से उभरने की शक्ति प्रदान करे। इस हादसें में घायल हुए यात्रियों के लिए शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई।

### एसो.का प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण रोहतक में आज

**जींद।** बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसो हरियाणा के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों का प्रशिक्षण शिविर 14 जून को रोहतक में होगा। प्रशिक्षण शिविर में राज्य के सभी 22 जिला के पदाधिकारी भाग लेंगे। एसो की प्रदेशाध्यक्ष शर्मिला देवी, जिला प्रधान प्रदीप लाठर ने बताया कि सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व महासचिव सत्यपाल सिवाच तथा स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ के प्रदेशाध्यक्ष एव बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसो के पूर्व महासचिव राममेहर वर्मा पदाधिकारियों को आज की परिस्थितियों में संगठन के महत्व तथा जनता के प्रति कर्मियों के कर्तव्य पर प्रशिक्षित करेंगे।

### प्रेम सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष बने

**नरवाना।** गांव लोन निवासी प्रेम सिंह को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास परिषद नई दिल्ली का हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति परिषद द्वारा सामाजिक कार्यों में प्रेम सिंह के निरंतर योगदान और समाज हित में किए विशेष प्रयासों को देखते हुए की गई है।

### गुरु हरगोबिंद सिंह प्रकाशोत्सव पर्व पर गुरमत समागम का आयोजन

# गुरु हरगोबिंद जी के जीवन का निर्णायक क्षण अमृतसर की लड़ाई थी : बलविंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मीरी पीरी के बादशाह छठी पातशाही गुरु हरगोबिंद सिंह का प्रकाश पर्व स्थानीय ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में बड़ी धूमधाम व श्रद्धा से मनाया गया। गुरु घर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह के अनुसार इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में धार्मिक दीवान सजाया गया। जिसमें सबसे पहले गुरुद्वारा साहिब के रागी जसबीर सिंह रमदसिया के रागी जत्थे द्वारा गुरुबाणी शब्द गायन किए गए। उसके बाद गुरुद्वारा साहिब के हैड ग्रंथी एवं प्रसिद्ध कथा वाचक गुरविंदर सिंह रत्तक ने गुरु हरगोबिंद सिंह के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरु हरगोबिंद सिंह ने गुरु गद्दी संभालने के बाद दो तलवारें धारण की थी। इन तलवारों को मीरी-पीरी का नाम दिया गया। मीरी नामक तलवार भौतिक संसार पर विजय पाने यानि युद्ध का प्रतीक थी, वहीं पीरी नामक तलवार आध्यात्मिक ज्ञान पर विजय पाने यानि धर्म व संस्कृति की रक्षा करने की प्रतीक थी। इन दोनों तलवारों में से गुरु साहिब ने पीरी को श्रेष्ठ माना था। ढाढी वारों का प्रचलन सबसे पहले गुरु हरगोबिंद सिंह के राज में ही हुआ था। क्योंकि यह माना जाता था कि ढाढी वारें युद्ध शुरू होने से पहले सैनिकों में जोश व साहस पैदा करने का कार्य करती थी तथा आज भी ढाढी जत्थे सिख इतिहास की कुर्बानियों को अपनी वारों में पिरो कर संगतो को सुना कर निहाल करते हैं। इसके बाद शाहाबाद मारकंडा से आए बीबी कवलजीत कौर के नेतृत्व में बीबियों के जत्थे ने गुरु हरगोबिंद सिंह की जीवनी से संबंधित गुरुबाणी शब्दों का व्याख्यान करके संगतों का मन मोह लिया। गुरु घर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि गुरु हरगोबिंद जी की शिक्षाओं में एक धार्मिक और ईमानदार जीवन जीने के महत्व पर जोर दिया गया। साथ ही समाज में सक्रिय रूप से योगदान देने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने सामाजिक समानता को बढ़ावा दिया, भेदभाव की निंदा की और सिखों को निस्वार्थ सेवा और दान में संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित किया।



बीबी कवलजीत कौर शाहाबाद का रागी जत्था गुरुबाणी गायन करते हुए।



जींद। गुरूमत समागम में गुरूबाणी सुनते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर गुरुद्वारा मैनेजर गुरविंदर सिंह चौगामा, जत्थेदार गुरजिंदर सिंह, इंदरजीत सिंह, जोगेंद्र सिंह पाहवा, हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की पूर्व सदस्य बीबी परमिंदर कौर, जसकरण सिंह, अशोक खुराना, कमल चुघ, विजेंदर गुंबर, सतनाम सिंह व लक्की सिंह उपस्थित रहे।

#### गुरु जी ने कभी सिद्धांतों से समझौता नही किया

गुरूघर प्रवक्ता बलविंद्र सिंह ने बताया कि गुरु हरगोबिंद जी के जीवन की सबसे उल्लेखनीय घटनाओं में से एक सम्राट जहांगीर द्वारा उन्हें ग्वालियर के किले में कैद करना था। कैद में रहने के बावजूद उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता करने से इनकार कर दिया और इसके बजाय उस अवसर का उपयोग साथी कैदियों तक अपनी शिक्षाओं को फैलाने के लिए किया। जिससे उनके दिलों में आशा और लचीलापन पैदा हुआ। गुरु हरगोबिंद जी के जीवन का एक और निर्णायक क्षण अमृतसर की लड़ाई थी। जहां उन्होंने सिखों को मुगल सेना के खिलाफ निर्णायक जीत दिलाई। इस जीत ने न केवल सिखों की सैन्य शक्ति को प्रदर्शित किया बल्कि उनके अटूट विश्वास और दृढ़ संकल्प के प्रमाण के रूप में भी काम किया। उधर, शहर के झांझ गेट गुरुद्वारा सिंह सभा में गुरु हरगोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व की खुशी में भाई गुरदित्त सिंह एवं सिंह सभा गुरुद्वारा रेलवे जंक्शन पर भाई जसवंत सिंह एवं भाई संतोख सिंह के रागी जत्थे द्वारा शब्द कीर्तन गायन किया गया तथा लंगर संगतों में बरताया गया।

# ठेकेदार को काम में तेजी लाने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के तालाबों के सौंदर्यकरण के कार्य का जुलाना नगरपालिका के चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डा. संजय जांगड़ा ने ठेकेदारों से काम में तेजी लाने के आदेश दिए। डा. संजय जांगड़ा ने कहा कि जल्द ही कस्बे के तालाबों में गंदे पानी की निकासी व्यवस्था में हो रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा। क्योंकि नपा द्वारा कस्बे के अटल पार्क के सामने बड़े तालाब का जीर्णोद्धार का कार्य शुरू कर दिया गया है।

तालाब के जीर्णोंद्धार पर साढ़े चार करोड़ की लागत आएगी। तालाब के सौंदर्यकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। तालाब के चारों ओर मिट्टी लगाई जा रही है। तालाब के साथ लगाई गई मिट्टी के कुछ हिस्से को पक्का भी किया जाएगा। कार्य को जल्द पूरा करने के लिए मशीनों की संख्या भी बढ़ाई गई है। तालाब के नीचे डिस्लिटिंग होने के कारण वाटर रिचार्ज नही हो पाता। पानी वहीं खड़ा रहता है। सरकार द्वारा अमृत सरोवर योजना के तहत जल संसाधनों का जीर्णोंद्धार किया जा रहा है। तालाब के सोदर्यकरण के तहत तालाब पर पेड़ पौधे लगाए जाएंगे। तालाब के चारों ओर घास भी लगाई जाएगी।



जुलाना। तालाब का निरीक्षण करते चेयरमैन डा संजय जांगड़ा। फोटो :हरिभूमि



जींद। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### फास्ट फूड स्टाल उद्यमी का दिया प्रशिक्षण

**जींद।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जींद द्वारा गांव ढिगाना में चलाए जा रहे 12 दिवसीय फास्ट फूड स्टाल उद्यमी के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में 33 महिलाओं ने फास्ट फूड स्टाल उद्यमी का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया। प्रशिक्षण के उपरांत ये महिलाएं अपना काम सुरु करके अपने परिवार की आय बढ़ाएंगी व अपनी जीवन शैली में सुधार करेंगी व आत्मनिर्भर बनेंगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अग्रणी जिला प्रबंधक अनुपम मरांडी ने शिरकत की। मुख्य अतिथि अनुपम मरांडी ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि आज के युग में महिलाएं कैसे अपना रोजगार करके आगे बढ़ रही है और कितने बड़े स्तर तक अपना काम बढ़ाया है। आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कीमों के तहत सब्सिडी वाला लोन लेकर अपना काम शुरु कर सकती है।

### हरिद्वार में तीन दिवसीय किसान महाकुंभ सोलह से

**जींद।** भाकियू के बैनर तले 16 से 18 जून तक तीन दिवसीय किसान महाकुंभ हरिद्वार में किया जाएगा। इसमें किसानों की समस्याओं और सरकार की गलत नीतियों के बारे में मंथन किया जाएगा। भाकियू के जिला प्रेस प्रवक्ता रामराजी ढुल पोंकरीखेड़ी ने बताया कि तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर में हर प्रदेश से भारी संख्या में किसान पहुंचेंगे। ढुल ने कहा कि इस चिंतन शिविर की शुरूआत स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत ने 1987 में की थी। इसके बाद से लगातार 38 साल से हर साल होने वाले तीन दिवसीय चिंतन शिविर में देशभर के किसान पहुंचते हैं। इस साल भी होने वाले शिविर में जींद से भी भारी संख्या में किसान हरिद्वार पहुंचेंगे। इसके लिए भाकियू ने पूरी तैयारी कर रखी है। भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत में कार्यक्रम होगा। साथ में भाकियू के राष्ट्रीय प्रेस प्रवक्ता राकेश टिकैत व हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान भी पहुंचेंगे।

### लोगों को निंबू पानी पिलाया

**अलेवा।** भीषण गर्मी के प्रकोप से राहत पाने के लिए नगूरां गांव स्थित मुख्य बस स्टैंड के दुकानदारों ने निंबू पानी की छबील लगाई। दुकानदार संजय, चरण सिंह, प्रकाश, सुशील, पवन आदि ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए नगूरां मुख्य बस स्टैंड के दुकानदारों ने निंबू पानी की छबील लगाई है। इस दौरान आने-जाने वाले राहगीरों को निंबू पानी वितरित किया गया। जिसमें लोगों की भीषण गर्मी में प्यास बुझ सके। दुकानदारों ने बताया कि पानी पिलाने से बड़ा कोई धर्म नहीं है। इसलिए दुकानदारों ने रूपये इक्कठे कर शुक्रवार सुबह से लेकर शाम तक निंबू पानी की छबील लगाई।



अलेवा। नगूरां मुख्य बस स्टैंड पर निंबू पानी की छबील लगाते दुकानदार।




जींद। समर कैंप में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### बच्चे बना रहे वेस्ट से उपयोगी चीजें

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर के 11वें दिन विद्यार्थियों ने सीखने के विभिन्न माध्यमों के द्वारा एक और उत्साहपूर्ण तथा रचनात्मक अनुभव प्राप्त किया। दिन की शुरुआत जहां ऊर्जा से भरपूर गेम्स व एरोबिक्स से हुई। वहीं बच्चों ने सृजनात्मक कौशल को भी निखारा। बच्चों को शारीरिक स्फूर्ति और लयबद्धता के लिए तरह-तरह के आउटडोर और इंडोर खेलों में भाग लेने का अवसर मिला। इसके साथ ही एरोबिक्स सत्र ने न केवल उनके शरीर को सक्रिय बनाए रखा बल्कि उन्हें टीम भावना और अनुशासन का भी पाठ पढ़ाया। इस दिन की सबसे रचनात्मक गतिविधि रही रंगीन पत्थरों और रंगीन जाज (जूट) धागे या रिबन जैसे सामग्रीद्ध की सहायता से सुंदर-सुंदर कंगनों का निर्माण। कला सत्र ने बच्चों की कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता को विस्तार दिया। कंप्यूटर कक्षा में बच्चों को डिजिटल साक्षरता से परिचित कराया गया। विद्यालय का प्रयास रहेगा कि बच्चों को सीखने के ऐसे अवसर लगातार मिलते रहें जहां वे खेल-खेल में शिक्षा प्राप्त करें और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करें।

### योग मैराथन का आयोजन कल

**जींद।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत शुक्रवार को जिले में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्यअतिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिला रही। शिविर सुबह साढ़े छह बजे लघु सचिवालय के निकट स्थित पार्क में आयोजित किया गया। जिसमें लघु सचिवालय परिसर में कार्यरत विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शिविर का उद्देश्य प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व निर्धारित योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराना एवं उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। योग प्रोटोकॉल अभ्यास का संचालन आयुष योग सहायक नवनीत द्वारा किया गया।



जींद। शिविर में योग करते साधक। फोटो :हरिभूमि




नरवाना। शिविर के समापन पर प्रशिक्षणार्थी। फोटो :हरिभूमि

### पशु पालन प्रशिक्षण शिविर का समापन

**नरवाना।** पंजाब नैशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण द्वारा बेरोजगार युवकों को रोजगार उन्मुख बनाने के लिए समय.समय पर विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाता हैं इसी कड़ी में बेरोजगार युवकों की मांग पर केन्द्र द्वारा तीन दिवसीय सूअर पालन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्धेश्य परंपरागत खेती से अलग अपना रोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित करना था। इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न जगहों से आये 37 बेरोजगार युवकों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर लाला लाजपत राय पशु विज्ञान केन्द्र हिसार से डा मनोज, डा, नरेंदर डा. सुमित सरदाना व केन्द्र निदेशक हितेश कालरा व स्टाफ उपस्थित रहा। डा. मनोज ने सम्बोधित करते कहा कि सूअर पालन कम कीमत पर कम समय में अधिक आय देने वाला व्यवसाय साबित हो सकता हैंए जो युवक पशु पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाना चाहते हैं सूअर एक ऐसा पशु है जिसे पालना आय की दृष्टि से बहुत लाभदायक हैं क्योंकि सूअर को मांस प्राप्त करने के लिए ही पाला जाता हैं ।



नरवाना। योग का अभ्यास करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### योग शिविर का आयोजन

**नरवाना।** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 11वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग अभ्यास का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्या रेखा कोहली और मूर्ति जागलान ने की स कार्यक्रम मे राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों यूनिट्स की स्वयं सेविकाओं ने योग अभ्यास किया ए छात्राओं ने सूर्य नमस्कार के विभिन्न आसनो को किया स कार्यक्रम की मुख्य वक्ता एनव एस वएस प्रभारी मूर्ति जागलान रही स मूर्ति जागलान ने छात्रों को बताया की योग के द्वारा बीमारियों से किस प्रकार बचा जा सकता हैस योग हमारे देश में प्राचीन काल से चला आ रहा हैसइस अवसर पर महाविद्यालय रेखा कोहली ने भी छात्रों को योग के महत्व के बारे में बताया स मानवता की रक्षा करने के लिए धैर्य सहयोग और करुणा जैसे दिव्या आभूषणों की आवश्यकता है जो केवल योग से ही मिल सकता है सभारत में योग को जीवन का आधार माना जाता है! योग के द्वारा हम सभी प्रकार की बीमारियों से छुटकारा पा सकते है इस अवसर पर महाविद्यालय का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

# राजकीय आईटीआई में लगा प्लेसमेंट कैंपस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय आईटीआई में प्रधानाचार्य नरेश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्लेसमेंट कैंपस का आयोजन किया गया। इस कैंपस में मेनेटा ऑटोमोटिव कंपोनेंट प्राइवेट लिमिटेड इंडस्ट्रियल एस्टेट कुंडली सोनीपत हरियाणा कंपनी ने भाग लिया और छात्रों के चयन के लिए इंटरव्यू की प्रक्रिया की गई। मुख्यअतिथि के तौर पर आई हुई नपा अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी ने सभी उम्मीदवार को संबोधित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जिसमें विभिन्न ट्रेडों के 468 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 450 कैंडिडेट ने अपना इंटरव्यूह दिया। प्लेसमेंट कैंपस में हरियाणा के अलग-अलग जिलों के साथ साथ दूसरे राज्य राजस्थान, हिमाचल, पंजाब, उत्तर प्रदेश के उम्मीदवारों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। कंपनी ने अपने प्रक्रिया पर आधार पर छात्रों का चयन किया। मेनेटा ऑटोमोटिव कंपोनेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी गाडियों के शॉक ऑब्जर्वर बनाती है। जिन उम्मीदवारों का सिलेक्शन कंपनी ने इंटरव्यूह के दौरान किया है उनको परफॉर्मेंस के बेस पर वेतन वृद्धि भी दी जाएगी। प्रधानाचार्य नरेश कुमार जी गवर्नमेंट आईटीआई जींद ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके अच्छे भविष्य की कामना की। इस दौरान सभी छात्रों में उत्साह देखा गया। इस मौके पर प्लेसमेंट शाखा से सोनू राम दीक्षित, ललित खटकड़ सहित अन्य वर्ग अनुदेशक मौजूद रहे।



जींद। साक्षात्कार देते हुए युवा। फोटो :हरिभूमि



जींद। अशोक आर्य को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### अशोक आर्य को किया सम्मानित

**जींद।** स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ टिटोली में स्वामी इंद्रवेश महाराज की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में खटकड़ के युवा समाजसेवी व सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद हरियाणा के महामंत्री अशोक आर्य को युवा संगठनकर्ता सम्मान से सम्मानित किया। यह कार्यक्रम हर वर्ष स्वामी इंद्रवेश की पुण्यतिथि पर 12 जून को आयोजित किया जाता है। जिसमें एक सन्यासी, एक भजनोपदेशक, एक विद्वान और चार युवा व युवतियों को सम्मानित किया जाता है। अशोक आर्य को इस सम्मान से स्वामी आर्यवेश प्रधान सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, स्वामी आदित्यवेश राष्ट्रीय महामंत्री सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद, युवा समाजसेवी विशाल मलिक, बिरजानांद एडवोकेट प्रधान सार्वदेशिक सभा राजस्थान ने सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान उनकी संगठन मे काम करने व युवाओं को संगठन मे जोडने की अद्धितीय क्षमता के लिए प्रदान किया गया। अशोक आर्य पिछले लंबे समय से आर्य समाज के युवाओं के संगठन में सक्रिय रूप से कार्य करते रहे हैं और संगठन के विभिन्न पदों पर आसीन रहे हैं।

### 25 जून को पड़ने वाली अषाढ़ अमावस्या पर रहेगा स्वार्थ सिद्धि योग

# पितृ तर्पण को लेकर आषाढ़ अमावस्या बेहद शुभ

## इस दिन भगवान विष्णु और पितरों की पूजा व अर्चना करने का विधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इस बार श्रद्धालुओं के लिए पितृ तर्पण को लेकर आषाढ़ अमावस्या बेहद खास रहेगी। आषाढ़ अमावस्या के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। सर्वार्थ सिद्धि योग में किया गया हर कार्य सफल सिद्ध माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार आषाढ़ अमावस्या के दिन स्नान और दान करते हैं।

पितरों के लिए तर्पण, श्राद्ध, पिंडदान आदि करते हैं। जिससे पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। पंचांग के अनुसार आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि 24 जून मंगलवार को शाम छह बजकर 59 मिनट से शुरू होगी। इस तिथि का समापन 25 जून बुधवार को शाम 4 बजे होगा। उदयातिथि के आधार पर आषाढ़ अमावस्या 25 जून बुधवार को रहेगी और उसी दिन दर्श अमावस्या भी है। पितरों को खुश करने के लिए अषाढ़ अमावस्या बेहद शुभः अमावस्या तिथि को पितरों को प्रसन्न करने के लिए शुभ माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु और पितरों की पूजा व अर्चना करने का विधान है। साथ ही पितरों का तर्पण और पिंडदान किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि पितरों का तर्पण और पिंडदान करने से पूर्वज प्रसन्न होते हैं और साधक को उनकी कृपा प्राप्त होती है। अषाढ़ अमावस्या के दिन पिंडारा तीर्थ पर दुरदराज से श्रद्धालु पहुंचेंगे और पितृ तर्पण करेंगे। पितृ दोष को दूर करने के लिए अमावस्या के दिन स्नान कर जल में काले तिल मिला कर सूर्य देव को अघ्र्य दें। ऐसा माना जाता है कि इस उपाय को करने से व्यक्ति को पितृ दोष की समस्या से छुटकारा मिलता है।

### पीपल के पेड़ की पूजा अर्चना करे



जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि आषाढ़ अमावस्या के दिन स्नान करने के बाद भगवान विष्णु और पितरों की पूजा अर्चना करें। साथ ही पितरों को अर्ध्य दें। इसके बाद कपड़े, धन, अन्न समेत आदि चीजों का दान करें। धार्मिक मान्यता के अनुसार आषाढ़ अमावस्या के दिन इन चीजों का दान करने से साधक को पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। साथ ही पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। वहीं सुख व समृद्धि में वृद्धि के लिए आषाढ़ अमावस्या के दिन पीपल के पेड़ की पूजा अर्चना करें। साथ ही सरसों के तेल का दीपक जलाएं। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह करने से पितरों की कृपा से जीवन खुशहाल होता है। साथ ही रुके हुए काम पूरे होते हैं।



जींद। बाल श्रम कानून की जानकारी देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### बच्चों से श्रम करवाना कानूनी अपराध

**जींद।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के मार्गदर्शन में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर बालाजी भट्टा सुंदरपुर व झुग्गी बस्ती नजदीक रेलवे स्टेशन जींद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन व श्रमिकों को बाल श्रम के दुष्प्रभावों और बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियम अधिनियम 1986 के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी श्रम सहाय या खतरनाक कार्य में लगाने पर पूरी तरह से रोक है। अधिनियम का उल्लघंन करने पर कड़ी सजा का प्रावधान है जिससे बाल श्रम को प्रभावी रूप से रोका जा सके। पैनल अधिवक्ता देवराज मलिक ने इस कार्यक्रम में नालसा (बाल हितैषी विधिक सेवाएं योजना 2024), किशोर न्याय अधिनियम 2015 बाल यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम अन्य बाल संबंधित कानूनों और योजनाओं की जानकारी दी गई। पैनल अधिवक्ता ने उपस्थितजनों को आधार कार्ड के लिए सर्वेक्षण और ट्रैकिंग एवं समग्र समावेशन तक पहुंच विषय पर विस्तृत जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### गर्म हवाओं ने किया घर में दुबकने को विवश

**राजौंद।** गुरुवार को गर्म हवाओं व तपिश के प्रचंड प्रकोप के चलते हर कोई घरों में दुबकने के लिए विवश रहा। आलम यह बने हुए है कि दोपहर के समय सड़के व बाजार सुनसान हो जाते हैं। पिछले कई दिनों से लगातार पड़ रही गर्मी ने अब तक के सभी रिकार्ड को पार कर दिया है। लोग गर्मी से बचने के लिए शीतल पेय पदार्थों का भी सहारा ले रहे हैं। दिन में गर्मी रात में मच्छरों की मार से हर कोई बेहाल होकर रह गया है। मौसम में गर्मी की अधिकता के कारण लोगों को मौसम जनित बीमारियों ने भी घेरना शुरू कर दिया है।

### कैथल में नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं की शुरुआत

**कैथल।** नि:शुल्क चिकित्सा सेवाओं के तहत सफल संचालन के बाद, अब यह कैथल जिले में भी शुरू कर दी गई है। आज करोड़ा के बाद पाई गांव में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

यह सामाजिक अभियान उदित कुंज फाउंडेशन, दिल्ली एवं आस्टर वॉलंटियर फाउंडेशन, दुबई के संयुक्त प्रयास से संचालित किया जा रहा है। उदित कुंज फाउंडेशन के निदेशक कुलबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मुहिम ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने और लोगों को बेहतर व किफायती चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।

### स्वास्थ्य केंद्र में किया गया औषधि पौधरोपण

**राजौंद।** राजौंद में शुक्रवार को आर्य समाज द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में औषधि पौध लगाई गई। जिसमें तेज पत्ता, हींग, दालचीनी, मसाला, पौधा, सफेद गुलाब व पीला गुलाब लगाया गया। इस दौरान डा. रोहित आर्य समाज राजौंद का आभार प्रकट किया गया। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही पुण्य का कार्य है एक तो हमें ओषधीय पौधे मिल गए, दूसरा हमें हरियाली मिलेगी। इस दौरान विद्यालय आर्य समाज के प्रधान किरण पाल आर्य ने कहा की हम पौधे लगाने तक ही सीमित नहीं रहेंगे, जब तक यह पौधे बड़े नहीं हो जाते तब तक उनकी देखभाल भी करेंगे। ताकि बड़े होने इन ओषधीय पौधों का हमें लाभ मिल सके।

# करोड़ों की संपत्ति को खुर्दबुर्द करने का जाल बुनने वाले नेटवर्क की बढ़ेगी मुश्किलें

**खास बातें**

- लाल डोरा के अंदर और बाहर असली मालिकों की जमीन को इधर से उधर खिसकाते हुए मुनाफा कमाने का काफी समय से चल रहा खेल
- फर्जीवाड़े से जमीन बेचने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने से सुधरेगा रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत



**कलायत।** कलायत नगर पालिका में जमीन के मालिकाना हक से जुड़ी कार्यवाही करने में लगे अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

प्रदेश में अब किसी को लाल डोरा और इसके बाहर प्रोपर्टी आईडी में हेराफेरी से दूसरों की जमीनों को खुर्द-बुर्द करने वालों की टेढ़ी चाल नहीं चलने देगी। इसके तहत प्रदेश सरकार ने नगर पालिका प्रशासन को नागरिकों से संपत्ति सर्टिफिकेट बनवाने के लिए आवेदन मांगने के निर्देश दिए हैं। इसमें उन लोगों से आवेदन मांगे गए हैं जो अब तक लाल डोरा नीति के तहत संपत्ति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन नहीं कर पाए थे। नगर पालिका सचिव पवन कुमार और पालिका अभियंता राजेश प्रजापति के अनुसार कलायत स्थित लाल डोरा में करीब 1500 संपत्ति है। उनमें से केवल 100 संपत्ति की आईडी व सर्टिफिकेट बन पाया है। योजना के अनुसार जो भी परिवार कलायत लाल डोरा में निवास करते हैं उन्हें प्रक्रिया को पूरा करते हुए संपत्ति स्वामित्व का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इसके लिए उन्हें अपनी असेसमेंट, आधार कार्ड, फैमिली आईडी व संपत्ति से संबंधित दस्तावेज नगर पालिका कार्यालय स्थित कमरा नंबर 9 में जमा करवाने होंगे। प्रॉपर्टी सर्टिफिकेट बनने के बाद लाल डोरा सीमा के अंतर्गत आने वाली संपत्तियों पर लोगों को कानूनी मालिकाना हक मिलेगा। यह योजना सरकारी नीति के तहत संपत्ति को वैध रूप देने और निवासियों को उनका अधिकार दिलाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

कलायत शहर में लाल डोरा के अंदर कानूनी मालिकाना हक देने की योजना उन प्रोपर्टी का धंधा करने वाले लोगों पर लगाम कसने का काम करेगी। पिछले कुछ समय में जो शिकायतें इस संबंध में आई हैं वे बेहद गंभीर हैं। इसमें गुपचुप ढंग से नगर पालिका अधिकारियों से सांठगांठ करते हुए दूसरों की जमीन पर हाथ साफ करने का बड़ा नेटवर्क चलाने के आरोप सामने आए हैं। इसमें कई मामले तो ऐसे में जिनमें जमीन से दूर-दूर तक मालिकाना हक न होने के बाद भी किसी की जमीन को कोई बेच कर चलता बन रहा है। कलायत में करोड़ों रुपए की संपत्ति को खुर्दबुर्द करने के लिए कई मामले ऐसे भी हैं जो लाल डोरा के दायरे से बाहर हैं।

### हाईकोर्ट में विचाराधीन मामलों से जुड़ी जमीन का भी बदल दिया गया रिकार्ड

पार्षद प्रीति जगदेवा और दूसरे शिकायतकर्ताओं ने बताया कि खाली जमीन ही नहीं बल्कि दुकान एवं मकान सहित जमीनी रिकार्ड में छेड़छाड़ करने का खेल नगर पालिका में जारी है। इसमें ऐसे मामले भी शामिल हैं जो हाईकोर्ट में विचाराधीन हैं। बावजूद इसके इनके रिकार्ड में तरह-तरह की छेड़छाड़ कर दी गई। इस संबंध में उन्होंने प्रदेश मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, निकाय निदेशक, एंटी क्रप्शन ब्यूरो, डीसी और अन्य अधिकारियों को शिकायत की है। इसकी जांच से चौकाने वाले पहलु समाने आएंगे।

## 5.5 करोड़ से अधिक की लागत से कार्य आरंभ

# सतपाल जांबा की पहल से पूंडरी क्षेत्र को मिली सात नई सडकों की सौगात

### पाई अनाज मंडी में 2.66 करोड़ की विकास योजनाएं भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



**पूंडरी।** प्रमुख सडकों के विशेष मरम्मत व चौड़ीकरण कार्यों का शुभारंभ करते विधायक सतपाल जांबा। *फोटो : हरिभूमि*

विधायक सतपाल जांबा के नेतृत्व व प्रयासों से पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मंजूरी से क्षेत्र की 7 प्रमुख सड?ों के विशेष मरम्मत व चौड़ीकरण कार्यों का विधायक ने नारियल फोड?र विधिवत शुभारंभ किया। ये कार्य लगभग 5 करोड़ 50 लाख 56 हजार की लागत से आगामी 6 माह में पूरे किए जाएंगे। इन विकास कार्यों के अंतर्गत निम्नलिखित सडकों पर कार्य शुरू किया गया है, गांव चंदलाना की फिरनी का चौड़ीकरण 32.57 लाख से, गांव पाई से रमाणा-रमाणी सड? तक की फिरनी की विशेष मरम्मत 22.37 लाख से, गांव पाबला से रायसन सडक की विशेष मरम्मत 37.01 लाख से, पाई-कैथल रोड से सौंगल ड्रेन (के.वी.एम. स्कूल वाया) तक 300 मीटर पेवर ब्लॉक कार्य 19.58 लाख से, पिलनी से पाई-कैथल सडक (बरसाना, हजवाना, रमाणा वाया) तक रिंग बांध का चौड़ीकरण 96.03 लाख से, जाजनपुर से ढांड-जडोला सडक तक 77 लाख से, इसके अतिरिक्त गांव पाई की अनाज मंडी में 2 करोड़ 66 लाख रुपए की लागत से 3 पक्के फड़, शेड की मरम्मत, ड्रेनेज व्यवस्था और सभी सडकों का पक्का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि यह सिर्फ सडक निर्माण नहीं, बल्कि क्षेत्र के नागरिकों के जीवन में सुगमता, समृद्धि और संभावनाओं के द्वार खोलने की दिशा में सशक्त प्रयास है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी व प्रदेश सरकार का विशेष आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह क्षेत्रीय विकास की एक मजबूत श्रृंखला की शुरुआत है। विकास कार्यों के शुभारंभ अवसर पर पाई अनाज मंडी प्रधान सत्यवान ढूल, डॉ. बलविंद्र मैहला संगरौली, निधि मोहन, मदन मोहन, सरपंच लाभ सिंह जांबा सहित संबंधित गांवों के सरपंच, जनप्रतिनिधि व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विधायक सतपाल जांबा ने दोहराया कि वे पूंडरी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्यरत हैं और आगे भी जनता के हित में ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।



**पाई।** हलका विधायक सतपाल जांबा का स्वागत करते ग्रामीण । *फोटो : हरिभूमि*

### हलका विधायक सतपाल जांबा ने किया विकास कार्यों का उद्‌घाटन

**पाई।** हलका विधायक सतपाल जांबा ने पाई का दौरा कर कई विकास कार्यों का उद्‌घाटन कर ग्रामीणों को जानकार दी। उन्होंने बताया कि पाई से रमाणा- रमाणी तक सड़क की मरम्मत की जायेगी, जिस पर 22.37 लाख रुपये खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि पाई कैथल सड़क से सौंगल ड्रेन तक 300 मीटर पेवर ब्लाक का कार्य भी होगा। जिस पर लगभग 19.58 लाख रुपये का खर्च होगा। पिलनी से पाई तक सड़क का चौड़ी करण किया जायेगा। इस पर भी 96 लाख के लगभग खर्च आयेगा। उन्होंने यह भी बताया कि पाई की अनाज मंडी में लगभग 2.66 करोड़ की लागत से विकास कार्य होंगे। जिससे तीन फड़ों का निमार्ण, शेड़ की मरम्मत और ड्रेनेज सिस्टम बनाया जायेगा। इस दौरान उनके साथ जांबा के सरपंच लाभ सिंह, ब्लाक समिति चेयरमैन राजेश बरसाना, पाई सरपंच प्रतिनिधि नरेश ढुल सहित लगभग सारी पाई पंचायत, मार्केट कमेटी के पूर्वचेयरमैन एवं पाई मंडी प्रधान सत्यावान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे और विधायक का धन्यवाद व स्वागत भी किया।

# जिले में 83 नए मतदान केंद्र बनाने का प्रस्ताव



**कैथल।** डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

- राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से 17 जून तक दे सकते हैं सुझाव : डीसी प्रीति
- मतदान केंद्रों तक आपात स्थिति में वाहनों की पहुंच सुनिश्चित करें चुनाव अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतानुसार मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण से पहले मतदान केंद्रों में संशोधन की कार्रवाई की जाएगी। विधानसभा गुहला, कलायत, कैथल, पूंडरी में वर्तमान में कुल 807 मतदान केंद्र हैं। इन सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या 1200 रखने का प्रावधान किया गया है, जिसके तहत 83 नए मतदान केंद्र बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। नए प्रस्तावित मतदान केंद्रों को लेकर राजनीतिक दल के प्रतिनिधि तय समय अवधि में अपने सुझाव दे सकते हैं।

डीसी प्रीति शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में मतदान केंद्रों के संशोधन विषय पर संबंधित विभागों के अधिकारियों तथा राजनैतिक प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि चारों विधानसभा में 807 मतदान केंद्रों के तहत 1200 से कम मतदाताओं की संख्या वाले 624 मतदान केंद्र हैं तथा 183 मतदान केंद्र ऐसे हैं, जोकि मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है। आयोग द्वारा जारी हिदायतानुसार वर्तमान में 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों का समायोजन अथवा नए मतदान केंद्र बनाए जाने वाले केंद्रों तथा इनके लिए मतदान केंद्र स्तर के अधिकारियों की पहचान की गई है, जोकि प्रस्तावित हैं। पहले से ही मतदान केंद्रों के भवनों में समायोजित किए जाने वाले मतदान केंद्रों की संख्या 100 है तथा नए भवनों में बनाए जाने वाले मतदान केंद्रों की संख्या 83 है। इन सभी मतदान केंद्रों की सूची विभाग द्वारा तैयार कर ली गई है। जो नए बूथ प्रस्तावित किए गए हैं, उनको लेकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि आगामी 17 जून तक अपने सुझाव जिला निर्वाचन कार्यालय में भिजवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि नए बनाए जाने वाले मतदान केंद्रों में गुहला विधानसभा में 19, कलायत विधानसभा में 17, कैथल विधानसभा में 26 तथा पूंडरी विधानसभा में 21 मतदान केंद्र की पहचान की गई है।

# ओवरलोड वाहनों पर सख्ती, विभाग ने तय लक्ष्य से ज्यादा काटे चालान


- कस्टाफ की कमी बनी बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

ओवरलोड वाहनों के खिलाफ लगातार सख्ती बरतते हुए क्षेत्रीय परिवहन विभाग ने इस महीने जबरदस्त कार्रवाई की है। आर.टी.ए. गिरीश चावला ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग को जो चालान का मासिक लक्ष्य मिला था, विभाग ने उससे कहीं अधिक चालान काटकर नियमों की सख्ती से पालना करवाई है।

आर.टी.ओ. चावला ने बताया कि विभाग को 37 लाख रुपये मासिक चालान वसूली का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन उनकी टीम ने कड़ी मेहनत से 40 लाख रुपये से अधिक के चालान काटकर इस लक्ष्य को पार कर लिया। उन्होंने कहा कि यह इस बात का प्रमाण है कि विभाग ओवरलोड वाहनों पर पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्रवाई कर रहा है। गिरीश चावला ने यह भी बताया कि फिलहाल विभाग के पास केवल एक ही जांच वाहन और 3 सदस्यों की छोटी सी टीम है। ऐसे में जब टीम जैसे ही चीका क्षेत्र में जांच में व्यस्त होती है, तो पूंडरी जैसे अन्य क्षेत्रों में ओवरलोड वाहनों की निगरानी करना कठिन हो जाता है।

### अब एस.डी.एम. और सी.टी.एम. के पास भी है चालान की शक्ति



गिरिश चावला

आर.टी.ओ. चावला ने बताया कि सरकार ने ओवरलोड वाहनों पर लगाम कसने के लिए अब चालान काटने की शक्ति याँ एस.डी.एम. और सी.टी.एम. को भी दे दी हैं। यदि स्थानीय प्रशासन भी इस दिशा में सक्रिय रूप से कार्रवाई करता है तो क्षेत्रीय परिवहन विभाग उनका पूरा सहयोग करेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, ओवरलोड वाहन न केवल सडकों को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि दुर्घटनाओं की बड़ी वजह भी बनते हैं। ओवरलोड वाहनों के कारण ब्रेक फेल, वाहन पलटना और सड? धंसने की घटनाएं आम होती जा रही हैं।

# नगर पालिका ने प्राचीन कपिल मुनि मंदिर में चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत



**कलायत।** कलायत के प्राचीन श्री कपिल मुनि मंदिर में सफाई अभियान की शुरूआत करते पार्षद जगदीश रायका। *फोटो :हरिभूम*

कलायत नगर पालिका द्वारा शुक्रवार को प्राचीन कपिल मुनि मंदिर परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित कार्यक्रम में मंदिर पुजारी संजय शास्त्री, नगर पालिका कर्मचारी, आम नागरिकों और स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसकी अध्यक्षता स्वच्छता अभियान संयोजक सुरेश चहल ने की। जबकि वार्ड 9 से पार्षद जगदीश रायका ने बतौर मुख्य अतिथि हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि सफाई अभियान का उद्देश्य केवल मंदिर परिसर की सफाई करना नहीं है। वास्तव में आमजन को स्वच्छता का संदेश देना है। इस दौरान मंदिर क्षेत्र में झाड़ू लगाई और कूड़ा उठाया गया। पार्षद ने कहा कि श्री कपिल मुनि मंदिर की विश्व पटल पर खास पहचान है। इसकी सफाई और सुंदरता सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। इस प्रकार के अभियानों से स्वच्छता का संदेश जाता है और समाज में मिल-जुलकर कार्य करने की भावना भी पैदा होती है। स्वच्छता संयोजक सुरेश चहल ने बताया कि यह अभियान नगर पालिका के वार्षिक सफाई कैलेंडर का हिस्सा है। पालिका सचिव के दिशा-निर्देश पर आगे भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नगर के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों को साफ-सुथरा रखने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना चाहिए। सफाई अभियान में नगरपालिका कर्मचारी, स्थानीय पार्षद, स्कूली विद्यार्थियों, सामाजिक संगठन और मंदिर समिति के सदस्य शामिल हुए।

# एयर इंडिया हादसा देश की आत्मा को झकझोर देने वाला है : फतेह चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



फतेह चोपड़ा।

अहमदाबाद में सदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट से टेकऑफ के कुछ ही पलों बाद एयर इडिया की फ्लाइट के दर्दनाक क्रैश ने पूरे देश को गहरे शोक में डाल दिया है। हादसे में 269 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें 241 यात्री व क्रू मेंबर और 28 स्थानीय नागरिक शामिल हैं।

विमान एक मेडिकल कॉलेज व डॉक्टर्स हॉस्टल से टकराया, जिससे भारी विस्फोट और जान-माल का नुकसान हुआ। इस त्रासदी पर प्रतिक्रिया देते हुए क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी फतेह सिंह चोपड़ा ने घटना को देश की आत्मा को झकझोर देने वाला क्षण बताया।

उन्होने कहा इतनी बड़ी संख्या में अनमोल जिंदगियों का यूं चले जाना बेहद दुखद है। मैं उन सभी परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपनों को खो दिया। यह केवल एक विमान हादसा नहीं, बल्कि मानवता पर एक आघात है। उन्होंने केंद्र व रा'य सरकारों से राहत व मुआवजे की प्रक्रिया को तत्काल, पारदर्शी और पीडितों के हित में सुनिश्चित करने की अपील की। साथ ही कहा कि टाटा समूह द्वारा 1 करोड़ की सहायता की घोषणा सराहनीय है, लेकिन जरूरी है कि प्रशासन भी प्रभावितों को हरसंभव मानसिक, आर्थिक और कानूनी सहायता मुहैया कराए। उन्होने यह भी कहा कि ऐसे हादसे हमें वायुयात्रा सुरक्षा प्रबंधन की समीक्षा करने की चेतावनी देते हैं।

सरकार, एयरलाइंस और संबंधित एजेंसियों को चाहिए कि तकनीकी खामियों और आपात प्रतिक्रिया प्रणाली पर गंभीरता से काम करें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई न जाएं।

पूरे देश के साथ पूंडरी क्षेत्र के लोग भी इस हादसे से व्यथित हैं और लगातार खबरों पर नजर बनाए हुए हैं। फतेह चोपड़ा की यह संवेदनशील प्रतिक्रिया आम जनभावना की सच्ची अभिव्यक्ति बनकर सामने आई है।



**राजौंद।** असंध रोड पर नाका लगाकर वाहनों की जांच करते हुए।

### असंध रोड पर पुलिस ने की वाहनों की जांच

**राजौंद।** राजौंद के असंध रोड पर नहर किनारे पुलिस ने नाका लगाकर वाहनों की जांच की। इंस्पेक्टर राज कुमार ने बताया कि समय-समय पर राजौंद पुलिस नाका लगाकर वाहनों की जांच करती है। इसी को लेकर नहर किनारे नाका लगाकर उन वाहन चालकों की जांच की गई जिन्होंने सीट बेल्ट नहीं लगाई टू व्हीलर वाहन चालकों के हेलमेट नहीं पहना हुआ था इसके अलावा अन्य जांच भी की गई। उन्होंने बताया कि सभी वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों की पालन करनी चाहिए ताकि दुर्घटना पर अंकुश लग सके। उन्होंने कहा कि लगातार पुलिस समय-समय पर लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ जांच भी करती है ताकि अधिक लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया जा सके। इस दौरान पुलिस टीम ने हर गुजरने वाले वाहन चालक की बेल्ट चेक की व टू व्हीलर के हेलमेट पर विशेष रूप से जांच करते हुए टू व्हीलर वाहन चालकों को जागरूक किया। इस दौरान एएसआई बलजीत सिंह, सचिन कुमार कांस्टेबल सचिन सोनू सहित पुलिस टीम मोजूद रही।

## मच्छर जनित बीमारी के लक्षण मिलने पर तुरंत सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में करवाएं जांच

# सप्ताह तक निरंतर खड़ा न होने दें साफ पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** एसडीएम अजय कुमार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

एसडीएम अजय कुमार ने कहा कि डेंगू व मलेरिया के ज्यादातर केस जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर व अक्तूबर में मिलते हैं। आमजन अलर्ट होकर अपने घर में तथा आसपास के क्षेत्र में कहीं भी साफ पानी को एक सप्ताह तक निरंतर खड़ा न होने दें। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। अपने घरों में कूलर की साप्ताहिक सफाई व फ्रिज के पीछे वाली ट्रे को सप्ताह में एक बार जरूर खाली करें। ताकि वहां डेंगू का कारण बनने वाले मच्छर न पनप सकें। मच्छर जनित बीमारी के लक्षण मिलने पर तुरंत सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में निशुल्क जांच करवाएं।

एसडीएम अजय कुमार शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय मलेरिया वर्किंग कमेटी तथा डायरिया विषय पर अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करके आमजन तक जरूरी हिदायतों को पहुंचाएं। पिछले वर्ष 2024 में डेंगू के 77 केस आए थे, भविष्य में कोई केस न आए, इसके लिए हम सभी को सावधानियां बरतनी है। जिला में कहीं भी लारवा न पनप पाए, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एक प्लान तैयार करें।

समय-समय पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर लारवा की जांच को निरंतर जारी रखें। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस संदर्भ में बच्चों व अभिभावकों को जागरूक करें। इसके अलावा उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग, पशु पालन विभाग, मत्स्य विभाग, आईएमए को भी आवश्यक निर्देश जारी किए। एसडीएम ने कहा कि जिला में दस्त रोको अभियान 16 जून से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। इस अभियान में आशा वर्कर, एएनएम द्वारा पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को घर-घर जाकर ओआरएस पैकेट वितरित किए जाएंगे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर डीडीपीओ कंवर दमन, डिप्टी सीएमओ डॉ. नीरज मंगला, डॉ. नवराज सिंह, शमशेर सिंह, अशोक कुमार, रविंद्र व सभी सीएचसी के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, तेजबीर पुत्र श्री राम कुमार निवासी रामनगर, नारवाना रोड, वार्ड नंबर-6, सुंदर नगर, जिला जींद, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र आशीष मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, राजबाला पत्नी NK समुंद्र सिंह LX13954128 गांव राजगढ़ तह जुलाना जिला जींद की स्थाई निवासी हु और बयान करती हूं कि मैंने अपना नाम बदलकर राज बाला रख लिया है। भविष्य में मुझे राज बाला के नाम से जाना जाए। मेरी जन्मतिथि मेरे पति समुंद्र के आर्मी रिकार्ड में 19-11-1968 जबकि अन्य कागजात में मेरी जन्मतिथि 14-11-1969 है। मेरी जन्मतिथि को 19-11-1968 से बदलकर 14-11-1969 किया जाए।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री अप्रेंटिस मेला 16 को राजकीय आईटीआई कैथल में

**कैथल।** कैथल के राजकीय आईटीआई में 16 जून को प्रातः 10 बजे प्रधानमंत्री अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए आईटीआई के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने बताया कि मेले में डेनसो, हीरो मोटो कार्प व अन्य प्रतिष्ठित कंपनियों भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान 12वीं तथा आईटीआई पास विद्यार्थियों का अप्रेंटिस के लिए चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को भत्ता भी दिया जाएगा। उन्होंनेविद्यार्थियों का आह्वान किया कि वह मेले में बढ़-चढ़कर भाग लें।

### निशुल्क बनवाएं आधार कार्ड और अपडेशन

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि नागरिक संसाधन सूचना विभाग (क्रीड) के कर्मचारी परिवार पहचान पत्र के साथ-साथ आधार कार्ड भी बनाते हैं। यह सुविधा नगर पालिका कैथल, बीडीपीओ कार्यालय कैथल, बीडीपीओ कार्यालय चीका, बीडीपीओ कार्यालय सीवन, नगर पालिका कलायत, नगर पालिका राजौंद, बीडीपीओ व नगर पालिका कार्यालय पूंडरी तथा तहसील कार्यालय ढांड में उपलब्ध है। यहां पर कोई भी नागरिक संबंधित दस्तावेजों के साथ निशुल्क अपना नया आधार कार्ड बनवा सकता है और पुराना अपडेट करवा सकता है।

### आईटीआई में करवाया योगासन का अभ्याय

**कैथल।** युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा द्वारा युवा मामलों के तहत राजकीय आईटीआई कैथल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के संदर्भ में युवाओं को योग के प्रति जागरूक करने के अभियान के तहत जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कैथल के मार्गदर्शन में आज एक दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया इस प्रशिक्षण शिविर में संदीप, रीना देवी और कनिका योग सहायक ने योगासन का अभ्यास करवाया।

# एसएचओ को झगड़े की सीसीटीवी फुटेज दी, डॉक्टर की राय करेगी फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

नगर पालिका की वाइस चेयरपर्सन पूजा शर्मा, उनके पति राजीव शर्मा और अन्य लोगों पर दर्ज जानलेवा हमले के मामले में गुरुवार को पांच लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल एसएचओ बलबीर सिंह से मिला और झगड़े के समय की सीसीटीवी फुटेज उन्हें सौंपी। थाना प्रभारी ने प्रतिनिधिमंडल को पूर्ण न्याय का आश्वासन देते हुए कहा कि पुलिस दिए गए सबूतों का अध्ययन करेगी और उसके बाद बनती कार्रवाई की जाएगी।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे राजीव शर्मा ने कहा कि पूरी सीसीटीवी वीडियो रिकॉर्डिंग में किसी के भी हाथ में कोई तेजधार हथियार नजर नहीं आ रहा। इसके अलावा, झगड़े के तुरंत बाद शिकायतकर्ता विजय गोयल सही-सलामत 20 मिनट तक खड़े नजर आते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि उनकी बांह पर तेजधार हथियार से चोट कब और कैसे लगी। थाना प्रभारी ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पर्चा दर्ज किया गया था, लेकिन जांच में सामने आने वाले सभी वीडियो एवं दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर यह तय किया जाएगा कि मामले में कौन-कौन सी धाराएं बनती हैं और कौन-कौन सी हटाई जानी हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस विशेषज्ञ डॉक्टर से राय ले सकती है कि विजय गोयल को लगी चोटें किस प्रकार की हैं और वे किस प्रकार लगी हो सकती हैं। विशेषज्ञ डॉक्टर की राय के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि चोटों के लिए वास्तव में कौन जिम्मेदार है। पुलिस ने घटना के समय शिकायतकर्ता विजय गोयल द्वारा पहनी गई टी-शर्ट अपने कब्जे में ले ली है। सूत्रों के अनुसार, यह इसलिए किया गया है कि यदि तेजधार हथियार से हमला हुआ है तो टी-शर्ट पर भी कट का निशान होना चाहिए।

#### उचित कार्रवाई होगी

थाना प्रभारी बलबीर सिंह ने कहा कि पुलिस जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी और न्याय सुनिश्चित किया जाएगा।

#### यह था मामला

दिनांक 7 जून को वार्ड नंबर 7 की पार्षद शालू गोयल के पति विजय गोयल का नगर पालिका के पार्क की सफाई करने वाले ठेकेदार और कुछ कर्मचारियों के साथ झगड़ा हो गया था। विजय गोयल ने शिकायत में आरोप लगाया कि उन्होंने अन्य पार्षदों के साथ मिलकर वाइस चेयरपर्सन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की अर्जी डीसी को दी थी, इसी कारण वाइस चेयरपर्सन पूजा शर्मा और उनके पति राजीव शर्मा ने साजिश रचकर उन पर जानलेवा हमला करवाया। इस मामले में पुलिस ने पूजा शर्मा, उनके पति तथा अन्य कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। बुधवार को सैकड़ों लोग चीका थाना में एकत्र होकर पुलिस की कार्रवाई को एकतरफा बताते हुए धरने पर बैठ गए। उनका कहना था कि पुलिस साबित करे कि पूजा शर्मा या उनके पति का मामले से कोई सीधा संबंध है। डीएसपी गुहला मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से पांच सदस्यीय कमेटी बनाकर पुलिस को साक्ष्य सौंपने को कहा। इसी सिलसिले में प्रतिनिधिमंडल एसएचओ से मिलने पहुंचा था।

# सीईटी आवेदन को लेकर उमड़ी युवाओं की भीड़

**जींद।** हरियाणा कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) के लिए आवेदन करने का समय शनिवार रात 11 बजे 59 मिनट तक बढ़ा दिया गया है। इससे आवेदन करने वालों के पास शनिवार का ही दिन बचा है। शुक्रवार को आवेदन करने के लिए उम्मीदवार भारी संख्या में अटल सेवा केंद्रों पर पहुंचे लेकिन ई मेल पर ओटीपी नहीं आने से युवा परेशान नजर आए। प्रदेश सरकार का सरल पोर्टल पिछले 15 दिनों से अटका हुआ है। इसके कारण युवक व युवतियों के जातिए परिवार पहचान पत्रए रिहायशी जैसे प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। सरल पोर्टल के ठप होने से युवा परेशान हैं। इस तकनीकी खामी के कारण सीईटी के लिए आवेदन करने वाले युवा जाति प्रमाण पत्र नहीं बनवा पा रहे हैं। जिसके चलते वह सीईटी के लिए होने वाले आवेदन की शर्तों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। आवेदन करते हैं तो आवेदक के मोबाइल और ई-मेल पर ओटीपी नहीं आ रहे।

### जिला परिषद कैथल के चेयरमैन कर्मबीर कौल को ज्ञापन सौंपा

# एचएयू कौल में गांव की आरक्षित सीट कम होने से ग्रामीणों ने जताया रोष



कैथल। जिला परिषद कैथल के चेयरमेन कर्मबीर कौल को ज्ञापन सौपते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय कौल में गांव कौल के विद्यार्थियों की आरक्षित सीट संख्या को कम करने को ले कर गाव की पंचयात ओर गाँव के मौजीज व्यक्तियों द्वारा जिला परिषद कैथल के चेयरमैन कर्मबीर कौल को ज्ञापन सौंपा गया व अध्यक्ष जिला परिषद को साथ लेकर एक ज्ञापन चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविधालय के प्राचार्य ओपी चौधरी को सोपा गया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष कर्मवीर कॉल ने बताया की आज जो कृषि विश्वविद्यालय कौल के बारे में हम माननीय मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से मिलकर बात करने की कोशिश करेंगे

ओर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की भी कुछ शिकायते थी जिस को ले कर विद्यार्थियों ने जिला परिषद कैथल के चैयरमेन कर्मबीर कौल को ज्ञापन दिया और चैयरमेन कर्मबीर कौल ने उन्हें आश्वासन देते हुए कहा जल्दी माननीय मुख्यमंत्री नाायब सैनी से मिलकर इन शिकायतों का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि नरेश कुमार,ग्राम पंचायत के सभी मेंबर,सतपाल सिंह, महेंद्र सिंह, गौरव कुमार,मास्टर रणवीर आर्या, मास्टर कृष्ण कुमार,टिंकू सागवाल, बृजेश शर्मा कपिल मुनि तीर्थ के प्रधान पोलाराम जी सुल्तान सिंह, भाग सिंह,अजय, राहुल वाल्मीकि,जॉनी जी मास्टर जसवीर सिंह, ईश्वर मौजूद थे।



### चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय कौल के छात्रों ने किया कक्षाओं का बहिष्कार

**ढांड।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में छात्रों पर हुई बर्बरतापूर्ण मारपीट, छात्रवृत्ति में कटौती एवं अन्यायपूर्ण नियमों के खिलाफ कृषि महाविद्यालय कौल के छात्रों ने धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की। छात्र पारस, आर्यन, गौरव, निकिता, गरीमा, योगेश, रमन, राहुल, अंकित, प्रतिभा, प्रीति, पूनम व स्विटी ने बताया कि गत दिनों कृषि विश्वविद्यालय हिसार में अपनी मांगे मनवाने के लिए शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से लाठीचार्ज करना हमारे अधिकारों का हनन है। जिसकी छात्र संघ कड़े शब्दों में निंदा करता है। छात्रों का कहना है कि यह सब कुछ वीसी के कहने पर हुआ है। उन्होंने कहा कि चीफ सिक्योरिटी आफिसर एवं अन्य सुरक्षा कर्मियों द्वारा छात्रों के साथ मारपीट एवं गाली गलौच करना किसी भी सभ्य समाज व शैक्षणिक संस्थान के लिए शर्मनाक घटना है। हम शांतिपूर्ण तरीके से छात्रवृत्ति में की गई कटौती और एलडीवी सीटों में बदलाव के विरोध में धरना प्रदर्शन कर रहे थे जो कि हमारा अधिकार है। उन्होंने कहा कि वीसी के इशारे पर रजिस्ट्रार डा. पवन कुमार की मौजूदगी में सिक्योरिटी गार्डों की ओर से बर्बरता पूर्ण लाठीचार्ज किया गया। जिसमें कई छात्र घायल हुए हैं। छात्रों का कहना है कि कुलपति डॉ. बलदेव राज कंबोज की तानाशाही,सत्ता का दुरुपयोग और छात्रों के मौलिक अधिकारों का घोर उल्लंघन हुआ है।



जींद। प्रशिक्षण शिविर के समापन पर अध्यापक।

# पांच दिवसीय प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण का समापन हुआ

- प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण पद्धतियों से अवगत करवाना : राजपाल देशवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

खंड जींद के पांच दिवसीय प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण का समापन बड़े हर्षोल्लास के साथ हुआ। सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरित किए गए ओर सभी शिक्षकों ने पूर्ण आश्वासन दिलाया की वे स्कूल खुलते ही इस प्रशिक्षण मे सीखी गई गतिविधियों से अपनी कक्षा के बच्चों का सर्वांगीण विकास करेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी राजपाल देशवाल ने बताया कि बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के अंतर्गत पांच दिवसीय प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमे आठ बैचों मे 320 प्राथमिक शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण पद्धतियों से अवगत करवाना है। शिक्षक गतिविधि आधारित शिक्षण विधियों को अपनाएं ओर कक्षा मे रोचक तरीके से पढाएं। शिक्षकों को बाल केंद्रित शिक्षण विधियों, खेल खेल मे सीखने के तरीके, मूल्यांकन की नवीन तकनीकों से अवगत करवाया जा रहा है । जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने प्रशिक्षण को बच्चों के लिए लाभदायक बताते हुए जानकारी दी की यह प्रशिक्षण नई पाठ्य पुस्तकों ,वर्क बुक ओर विभाग की ओर से दी गई शिक्षण अधिगम सामग्री के प्रभावी उपयोग पर केंद्रित हैं। प्राथमिक शिक्षा की गुणवता सुधारने की दिशा मे यह एक महत्वपूर्ण कदम है। राजेश वशिष्ठ ने बताया की हमारा लक्ष्य है की हर बच्चा कक्षा तीन तक पढने, लिखने ओर गणित के बुनियादी कौशल मे निपुण हो। ब्लॉक कॉर्डिनेटर अमनदीप वशिष्ठ ने बताया की यह खंड जींद व जिला जींद के लिए गर्व की बात है की 17 जिलों के प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण लेने आए।

### नशे को रोकने के लिए कमेटी की बैठक हुई, दिए निर्देश



जींद। बैठक में भाग लेते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के मार्गदर्शन में नालसा की ड्रग्स अवेयरनेस एंड वैलनेस नेविगेशन स्कीम के तहत एक अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ड्रग्स अवेयरनेस एंड वैलनेस नेविगेशन इकाई के सदस्य शामिल रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने बताया कि नालसा के आदेशानुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा इस इकाई का गठन किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य नशे के प्रभाव को रोकना है तथा ज्यादा से ज्यादा लोगो को नशे के खिलाफ जागरूक करना है। नालसा के आदेशानुसार संवाद व आशा कमेटी का भी गठन किया गया है जो अलग-अलग रूप से काम करेगी। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों की रिपोर्टिंग के लिए राष्ट्रीय नारकोटिक्स हैल्पलाइन नंबर 1933 पर सूचना दें। नशा पीड़ित के परामर्श एवं पुनवार्स सहायता के लिए हेल्पलाइन सेवा नम्बर 14446 तथा विधिक सहायता के लिए हैल्पलाइन सेवा नंबर 1510 एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की हेल्पलाइन सेवा पर संपर्क किया जा सकता है।

### कन्या भ्रूण हत्या जघन्य अपराध दोषी को सजा हो : पूनम रानी



जींद। कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

**जींद।** जलालपुर कलां गांव में पूनम रानी व पवन श्योकंद एमपीएचडब्ल्यू द्वारा आंगनवाड़ी सेंटर में सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर शपथ दिलाई गयी व गर्भवती महिलाओं को व ग्रामीण महिलाओं को पीएनडीटी एक्ट की जानकारी दी गई। पूनम रानी ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या के कारण गिरता लिंगनुपात हमारे देश के सामने एक बहुत बड़ी सामाजिक समस्या है। इस समस्या के निदान के लिए सरकार को ही नहीं बल्कि हम सभी को सामाजिक दृष्टि से जागरूक होना होगा। इसके लिए हमें रूढ़िवादी सोच का परित्याग करना चाहिए। ईश्वर के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए संतान उसी की देन है और लड़का व लड़की एक समान है। उन्होंने बताया कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना बालिकाओं को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए बनाई गई योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा सुनिश्चित करना, बालिकाओं को शोषण से बचाना व उन्हें सही व गलत के बारे में अवगत कराना, शिक्षा के माध्यम से लड़कियों को सामाजिक और वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनाना है।

### लिपिक वर्ग की मांगों को शीघ्र पूरा करे सरकार



जींद। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

**जींद।** हरियाणा रोडवेज मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन के राज्य प्रधान बलराज देशवाल की अध्यक्षता में जींद डिपो में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों व लिपिकीय वर्ग कर्मचारियों की पिछले कई वर्षों से लंबित पड़ी मागों व समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। राज्य प्रधान ने कहा की सरकार द्वारा डिपो स्तर पर रिक्त पड़े पदों जैसे सेवादार, कैशियर, लिपिक, सहायक, जूनियर ऑडिटर, आंकड़ा सहायक व अधीक्षक के पदों को पदोन्नति व नियमित भर्ती से भरे, समय अवधि के दौरान सभी कर्मचारियों की पदोन्नति की जाए। क्षेत्रीय कार्यालयों में सहायकों व लेखाकार के पदों को सृजित किए जाएं। लिपिकीय वर्ग को कन्फर्म किया जाए। सातवें वेतन आयोग में रही त्रुटियों को दूर किया जाए। ऑनलाइन तबादला नीति के कारण कुछ कर्मचारियों का स्थानांतरण अन्य आगारों में होने के कारण उनके रिक्त हुए पदों को सर्वसम्मति से भर कर संगठन का विस्तार भी किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अशोक गोरिया जुनियर ऑडिटर को चेयरमैन, अनिल शर्मा लिपिक को प्रधान, सोमबीर लोहान लिपिक को उप प्रधान, जगदीश राम लिपिक को सचिव, जगदीश सेवादार को प्रेस प्रवक्ता बनाया गया।

### नेशनल में दमखम दिखाएगा कैथल का बॉक्सर चिरागदीप



कैथल। खिलाडी चिरागदीप का स्वागत करते खिलाडी व अधिकारी।

**कैथल।** आर के एस डी स्टेडियम मे बॉक्सिंग सेंटर की खिलाड़ी चिराग दीप का हुआ नेशनल टूर्नामेंट के लिए चयन हुआ है। यह टूर्नामेंट रोहतक में 19 से 25 जून तक आयोजन किया जायेगा। खिलाडियों व अधिकारियों द्वारा शुक्रवार को चिरागदीप का स्वागत किया गया। बॉक्सिंग कोच गुरमीत सिंह, सरदार राजेंद्र सिंह और विक्रम दुल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में चिराग दीप अच्छा प्रदर्शन करेगा और कैथल के लिये पदक जीत कर आएगा। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर करमबीर फौजी, सुनील पी.टी.आई., कुलविंदर, दीपक, महिंदर पी.टी.आई., रणधीर पी.टी.आई., किरणपाल, रमेन, राहुल, प्रधान आर.के.एस.डी. कॉलेज अश्वनी शोरवाला, प्रधान फार्मेसी कॉलेज नवनीत गोयल, पूर्व प्रधान साकेत मंगल, गुरदीप भोला, जिला खेल अधिकारी कैथल राजरानी, सुरेश कुमार, प्रशांत, अनिल कुमार प्रेसिडेंट अवार्डी, जोगिंदर जूडो कोच और दीपक सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**शिविर** | 9362 शिकायतें में से 7825 का समाधान, अब तक सिर्फ 212 लंबित

लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान करें अधिकारी : एडीसी

# समाधान प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में जींद प्रदेश में दूसरे स्थान पर, चंडीगढ़ में हुई सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक में एडीसी विवेक आर्य ने संबंधित अधिकारियों को लंबित शिकायतों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने समाधान शिविरों में बेहतरीन कार्य के लिए अधिकारियों की सराहना की और कहा कि सभी को मिलकर और अधिक समर्पण के साथ धरातल पर कार्य करना चाहिए ताकि आमजन की हर समस्या को प्राथमिकता से हल किया जा सके। उन्होंने पंचायत एवं राजस्व विभाग को विशेष रूप से और अधिक तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए और लंबित शिकायतों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने को कहा। एडीसी ने बताया कि समाधान प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में जींद जिला प्रदेशभर में द्वितीय स्थान पर है, जो कि गर्व का विषय है। इससे पूर्व चंडीगढ़ मुख्यालय से आयोजित साप्ताहिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग समीक्षा बैठक में उच्च अधिकारियों द्वारा समाधान शिविरों में जींद जिले के बेहतर कार्य की सराहना की गई और प्रदेश के सभी उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि अधिकारी जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए आमजन की समस्याओं का इसी प्रकार समाधान करते रहेंए ताकि नागरिकों को और अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 9362 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें से 7825 का समाधान किया जा चुका है। शेष 212 लंबित शिकायतों के शीघ्र निपटान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिकायतों का निपटान सुनिश्चित किया जाए।




जींद। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी विवेक आर्य। फोटो : हरिभूमि

# निपुण हरियाणा मिशन के तहत चल रही ट्रेनिंग में गैर हाजिर रहने पर मांगा स्पष्टीकरण

- निरीक्षण के दौरान चार शिक्षक गैर हाजिर मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

निपुण हरियाणा मिशन के तहत चल रही ट्रेनिंग में शिक्षकों के गैर हाजिर रहने पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने स्पष्टीकरण मांगा है। निरीक्षण के दौरान चार शिक्षक गैर हाजिर मिले। जिसमें तीन महिला शिक्षक और एक पुरुष शिक्षक शामिल हैं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि अपना स्पष्टीकरण तीन दिन के अंदर दें ताकि विभाग को आगे भेजा जा सके।

गौरतलब है कि ग्रीष्मकालीन दिवस में शिक्षा विभाग की ओर से पांच दिवसीय एफ एलएन कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें सभी प्राथमिक शिक्षकों का भाग लेना अनिवार्य है। नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार सभी प्राथमिक शिक्षक अनिवार्य प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्राथमिक शिक्षकों को खेल-खेल में शिक्षा टीएलएम का प्रयोग, प्रिंट रिच क्लास रूम, स्किल पासबुक भरने व बच्चों का लर्निंग लेवल समझने बारे मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी प्राथमिक शिक्षकों को बच्चों को पढ़ाने के नए गुर सीखाए जा रहे हैं। इससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो और बच्चे बिना किसी डर के स्कूल की ओर अपना कदम बढ़ाए। कैंपों का निरीक्षण के लिए जिला स्तर पर अलग-अलग टीम बनाई गई हैं। वह सभी प्रशिक्षण केंद्रों पर कम से कम दो घंटे रहकर पूरा अवलोकन कर रहे हैं। उसके बाद गूगल लिंक भरकर अपनी रिपोर्ट निदेशालय और एफ एलएन जिला समन्वयक को भेजी जा रही है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रत्येक खंड का बारीकी से अवलोकन कर रहे हैं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा ने बताया कि निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत चल रही ट्रेनिंग में गैर हाजिर रहने वाले चार शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। तीन दिन के अंदर शिक्षकों को जवाब देना होगा। एफएलएन के तहत शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जा रही है।